/font>

Title: Need to constitute "Bundelkhand Development Autonomous Council" and provide funds to the Council for enabling development of Bundelkhand region.

श्री अशोक कुमार सिंह चन्देल (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत सबसे पिछड़े जनपद हमीरपुर एवं जनपद महोबा के साथ-साथ जनपद बांदा, चित्रकूट धाम, जालौन, झांसी, ललितपुर भी अत्यंत पिछड़े जनपदों की सूची में शामिल है। इन सभी जनपदों में आजादी के लगभग 55 वर्षों बाद भी सामाजिक तथा आर्थिक विकास के आधार पर मूलभूत ढांचे जैसे संचार, बिजली, पानी शिक्षा, उद्योग, कृषि, रेल जैसी सुविधा आज तक आम जनता को प्राप्त नहीं है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र देश के अन्य राज्यों से अलग-थलग पड़ा है।

अतः प्रधान मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र के सभी जनपदों के साथ मध्य प्रदेश राज्य के सागर, छतरपुर, पन्ना, सतना भिंड आदि जनपदों को मिलाकर एक बुन्देलखण्ड विकास स्वायत्त परिषद का गठना किया जाए और तत्काल 5000 हजार करोड़ रुपये की राशि इस स्वायत्त परिषद को दी जाए, ताकि इस बुन्देलखण्ड क्षेत्र के आधारभूत ढांचे का बुनियादी विकास हो सके।